आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.07.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री मोदी ने रोजगार मेले में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि बीते दशक में भारत के नब्बे करोड़ से अधिक नागरिकों को वेलफेयर स्कीम के दायरे में लाया गया है।
- अहमदाबाद विमान हादसे की प्रारंभिक जाँच रिपोर्ट सामने आई– इंजनों का ईधन स्विच रन से कटऑफ में बदलने से हुआ था विनाशकारी हादसा।
- नौसेना एनसीसी इकाई के कमांडिंग ऑफिसर ने नौसेना एनसीसी अटैचमेंट कैंप आयोजित करने का प्रस्ताव रखा ।
- स्मार्ट गर्ल शतरंज प्रतियोगिता शुरू– कस्तूरी बाई के साथ जिला उपायुक्त ने खेली पहली चाल।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में इक्यावन हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले में कहा कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप देश के युवाओं की क्षमता को बढ़ा रहा है। हाल ही में निजी क्षेत्र में रोज़गार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंज़ूरी दी गई है। सरकार ने लगभग एक लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं और इससे साढ़े तीन करोड़ रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। पी एल आई योजना के अंतर्गत देशभर में ग्यारह लाख से अधिक रोजगार का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि आज देश में ग्यारह लाख करोड़ रुपये का इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण हो रहा है। देश का रक्षा उत्पादन सवा लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है और इसके साथ ही देश रक्षा विनिर्माण में नए कीर्तिमान बना रहा है। श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की हाल में जारी रिपोर्ट का भी ज़िक्र किया।

<><><><><><><>

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो द्वारा जारी पन्द्रह पन्नों की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार एयर इंडिया के विमान के इंजनों का ईंधन स्विच 'रन' से 'कटऑफ़' में बदलने के कारण अहमदाबाद में विनाशकारी हादसा हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार एक पायलट को कॉकपिट वायस रिकॉर्डर पर दूसरे पायलट से यह कहते हुए सुना गया उसने ईंधन आपूर्ति प्रणाली क्यों बंद कर दी थी। इसके जवाब में पायलट ने कहा कि उसने ऐसा कुछ नहीं किया था। जांच एजेंसी ने कहा है कि ईंधन नियंत्रण से संबंधित स्विच को बाद में ऑन किया गया, लेकिन एक ईंजन में आई ख़राबी को दूर नहीं किया जा सका। सभी हितधारकों से मांगे गए अतिरिक्त साक्ष्यों की जांच की जाएगी। इस दुर्घटना में दो सौ साठ लोगों की मौत हो गई थी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आज हैडो वार्ड नम्बर–1 में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न की रोकथाम और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम पर एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, समाज कल्याण विभाग की महिला कर्मचारियों और हैडो गाँव के निवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से बताया गया। कानून के जानकारों ने बताया कि हर महिला और बच्चों को पोक्सो एक्ट बारे में जरूर पता होना चाहिए, जिससे कि बच्चों पर कोई मुसीबत ना आए। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पॉक्सो मामलों के विशेष न्यायाधीश नियाज़ आलम ने पीड़ितों की निजता और गोपनीयता बनाए रखने के लिए पॉक्सो अधिनियम के तहत निर्धारित विशेष प्रक्रियाओं के बारे में बताया, जिनमें बंद कमरे में कार्यवाही, मीडिया रिपोर्टिंग पर प्रतिबंध और बाल पीड़ित की पहचान उजागर करने पर सख्त प्रतिबंध शामिल हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बताया कि किसी भी हाल में अपराधी से डरने की जरुरत नहीं है और अपने माता–पिता को हर बात बताएं। कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय के पोर्ट ब्लेयर स्थित सर्किट बेंच के रजिस्ट्रार और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव राशिद आलम, पोर्ट ब्लेयर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो कोर्ट, नियाज़ आलम, पोर्ट ब्लेयर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–सह–सचिव सम्राट रॉय, पोर्ट ब्लेयर की विशेष लोक अभियोजक तस्नीम आबिद और अधिवक्ता आकांक्षा सिंह उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

नौसेना एनसीसी इकाई के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर रियाज़ फ़ारूक़ ने आईएनएस जरावा के कमांडिंग ऑफिसर कमोडोर श्रीवत्स से 'नौसेना एनसीसी अटैचमेंट कैंप' आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। इस पहल का उद्देश्य द्वीपसमूह के एन सी सी कैडेटों को भारतीय नौसेना के साथ प्रशिक्षण का एक अनूठा अवसर प्रदान करना है, जिससे उन्हें समुद्री जीवन और नौसेना अभियानों का अनुभव प्राप्त होगा। बैठक के दौरान, संरचित प्रशिक्षण मॉड्यूल, सुरक्षित और आरामदायक आवास, और एक प्रेरणादायक 'समुद्री दिवस' की योजनाओं पर चर्चा की गई, ताकि कैडेट वास्तविक समय की नौसैनिक गतिविधियों का अनुभव कर सकें और आवश्यक समुद्री कौशल सीख सकें। प्रस्तावित शिविर का उद्देश्य युवा कैडेटों के समुद्री क्षितिज को व्यापक बनाना, उनमें अनुशासन और टीम वर्क का संचार करना और उन्हें सशस्त्र बलों में एक गौरवपूर्ण करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है।

<><><><><><><>

स्मार्ट गर्ल्स अंडर–19 शतरंज टूर्नामेंट – दो हजार पच्चीस का गर्ल्स स्कूल के सभागार में उद्घाटन हुआ। शिक्षा निदेशालय द्वारा समाज कल्याण विभाग और अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन के सहयोग से प्रमुख राष्ट्रीय पहल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने एशियन स्कूल रजत पदक विजेता वूमन कैंडिडेट मास्टर आर. कस्तूरी बाई के साथ पहली चाल चली, जिसके साथ ही शिक्षा व खेल निदेशक विक्रम सिंह की उपस्थिति में टूर्नामेंट की आधिकारिक शुरुआत हुई। एक विशेष सम्मान में, मुख्य अतिथि ने आर.कस्तूरी बाई को महिला कैंडिडेट मास्टर का खिताब हासिल करने की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। जिला उपायुक्त ने लड़कियों की रुचियों और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करके, विशेष रूप से शतरंज जैसे बौद्धिक और प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में, उन्हें सशक्त बनाने के महत्व पर ज़ोर दिया। यह टूर्नामेंट नौ राउंड के रैपिड प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है।

<><><><><><><>

संस्कृति मंत्रालय के दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, तंजावुर में नामांकन के लिए द्वीपसमूह के लोक या जनजातीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। कलाकारों का नामांकन दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के समझौता ज्ञापन के नियमानुसार किया जाना है। इच्छुक कलाकार इक्कतीस जुलाई तक कला एवं

संस्कृति निदेशक के पते पर अपनी उपलब्धियों का विवरण सहित अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं या मेल कर सकते हैं।

<><><><><><><>